प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 06.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में अब तक सामान्य से साढे बासंठ प्रतिशत अधिक बरसात हुई– आज पांच जिलों में बरसात का रेड अलर्ट।
- राज्य सरकार द्वारा अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी–अब तक 1 हजार 155 लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया गया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के लालसागर वन खंड में मातृ वन की स्थापना की–बरगद का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया।
- अनंत चतुर्दशी पर्व पर आज प्रदेशभर के विभिन्न जलाशयों में विधिविधान के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है।

0000

प्रदेश में अब तक सामान्य से 62 दशमलव 5 प्रतिशत अधिक बरसात हो चुकी है। 22 जिलों में असामान्य बारिश दर्ज की गई है। इनमें बूंदी, अजमेर, कोटा, टोंक, नागौर, सवाईमाधोपुर, सीकर, जयपुर और करौली जिले शामिल है। लगातार हो रही बरसात से कई जिलों में अतिवृष्टि के हालात हो गए है। धौलपुर में बारिश से जनजीवन प्रभावित है। चम्बल नदी तीसरी बार खतरे के निशान से उपर पहुंच चुकी है। हनुमानगढ के भादरा में बहुत अधिक बारिश को लेकर प्रशासन सतर्क है। वहां पानी की निकासी की व्यवस्था की जा रही है। इस बीच घग्घर नदी में भी पानी की आवक बनी हुई है। सवाईमाधोपुर में बरसात से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। भीलवाड़ा में भारी बारिश के चलते नदी–नाले उफान पर है। ग्रामीण इलाकों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। दौसा के लालसोट इलाके में मोरेल बांध से छोड़े गए पानी के तेज बहाव से कांकरिया एनीकट की दीवार टूट गई। इसके चलते एनीकट का बड़ा हिस्सा मिट्टी कटाव की चपेट में आ गया है। सिंचाई विभाग की टीमें लगातार स्थिति की निगरानी कर रही हैं। अजमेर में तेज बरसात से कल बोराज तालाब की पाल टूटने से कई रिहायशी इलाकों और निचली बस्तियों में पानी भर गया। हमारी संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जल भराव वाले क्षेत्रों में लोगों को राहत पंहुचाई जा रही है।

.....

कई स्थानों पर कल रात से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी जारी है। जयपुर, सवाईमाधोपुर, पाली, डूंगरपुर, भीलवाडा में रूक–रूक कर बरसात चल रही है। मौसम विभाग ने आज पांच जिलो के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, सलुम्बर और उदयपुर शामिल है। यहां अत्यधिक भारी बरसात की संभावना है। इसके अलावा चित्तौडगढ, झालावाड, राजसमंद, सिरोही और जालोर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच अजमेर और कोटपूतली–बहरोड सहित कुछ जिलों में आज स्कूलों में विद्यार्थियों की छुट्टी घोषित की गई है।

0000

राज्य सरकार द्वारा अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य किये जा रहे है। विभिन्न मंत्री और सचिव अपने–अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा ले रहे है। साथ ही अधिकारियों को प्रभावितों तक राहत पंहुचाने के निर्देश दे रहे है। मॉनसून के दौरान एसडीआरएफ और एनडीआरएफ तथा सिविल डिफेंस की टीमों ने अभी तक 1 हजार 155 लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया है। साथ ही वायुसेना के हेलीकॉप्टर से जलमग्न क्षेत्रों से लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों तक पंहुचाया जा रहा है। वहीं खरीफ फसल को अतिवृष्टि से हुई नुकसान के आंकलन के लिए 1 अगस्त से गिरदावरी का काम शुरू किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों और आंगनबाडी भवनों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भवनों का निरीक्षण, जल निकासी और मरम्मत के काम सुनिश्चित किये जा रहे है।

इस बीच उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बारिश के कारण टूटी सड़कों को तत्काल दुरुस्त करवाने के निर्देश दिये है। उन्होंने अधिकारियों को मौसम को देखते हुए फील्ड में सक्रिय रहने और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। वे कल उदयपुर जोन की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने बजट घोषणाओं के कामों को भी जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिये।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जोधपुर के लालसागर वन खंड में मातृ वन की स्थापना की। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने बरगद का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। श्री शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को वृक्षारोपण कार्यक्रम को और गति देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि अभियान' के तहत प्रदेशभर में मातृ वन बनाये जा रहे है। इस मातृ वन के माध्यम से लालसागर वन खंड की पारिस्थितिकी को पुनर्जीवित कर हरित क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।

00000

अजमेर में आज जादूगरों का प्रदेशस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सूचना केन्द्र सभागार में होने वाले सम्मेलन में राज्य के 125 जादूगर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही एक–दूसरे से तकनीक साझा करेंगे और जादू कला के संरक्षण तथा संवर्धन पर चर्चा करेंगे। मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान के संरक्षक जादूगर हैरती ने कल मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेशभर के जादूगरों को एक मंच पर लाना है, ताकि इस कला को जीवित रखा जा सके। साथ ही इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सके।

0000

अनंत चतुर्दशी का पर्व आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में दस दिन से चल रहा गणेश उत्सव आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सम्पन्न हो रहा है। राजधानी जयपुर में जलमहल झील, मावठा और चंदलाई बांध सहित कृत्रिम तालाबों में भी गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। विसर्जन यात्राओं में ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी गुलाल के रंग देखने को मिल रहे है। भरतपुर में जगह–जगह तोरण द्वार बनाये गये है साथ ही भण्डारे लगाकर प्रसाद वितरण किया जा रहा है। बारां में प्रशासन की ओर से जलस्त्रोतों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान लोगों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए है। सवाईमाधोपुर के गंगापुरसिटी में गणपति विसर्जन की शोभायात्रा को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। कोटा में भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित राज्य के कई मंत्री तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

.....

0000